# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 6TH



aglasem.com

Class : 6th

Subject : Hindi

Chapter no : 4

Chapter Name : चाँद से थोड़ी सी गप्पें

Q1 ‘आप पहने हुए हैं कुल आकाश’ के माध्यम से लड़की कहना चाहती है कि-

(क) चाँद तारों से जड़ी हुई चादर ओढ़कर बैठा है।

(ख) चाँद की पोशाक चारों दिशाओं में फैली हुई है।

आप किसे सही मानते हो ?

Answer. लड़की कहना चाहती है कि सम्पूर्ण आकाश आपके पोशाक जैसा लग रहा है, जैसे उसमे तारे जड़े हो और वो पोशाक पूरे ब्रहाण्ड में फैला हो।

Page : 24 , Block Name : कविता से

Q2 कवि ने चाँद से गप्पें किस दिन लगाई होंगी? इस कविता में आई बातों की मदद से अनुमान लगाओ और उसका कारण भी बताओ।

दिन – कारण

पूर्णिमा –_______

अष्टमी से पूर्णिमा के बीच –_______

प्रथमा से अष्टमी के बीच –_______

Answer. मुझे लहता है कि कवि ने चंद्रमा से पूर्णिमा के दिन गप्पे लगाए होंगे क्योंकि उसी दिन चांद गोल होता है। भारतीय कैलेंडर के हिसाब से महीना शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष में होता है और उसी में चंद्रमा छोटा से बड़ा और बाद से छोटा होता है।

Page : 25 , Block Name : कविता से

Q3 नई कविता में तुक या छंद के बदले बिंब का प्रयोग अधिक होता है। बिंब वह तस्वीर होती है जो शब्दों को पढ़ते समय हमारे मन में उभरती है। कई बार कुछ कवि शब्दों की ध्वनि की मदद से ऐसी तस्वीर बनाते हैं और कुछ कवि अक्षरों या शब्दों को इस तरह छापने पर बल देते हैं कि उनसे कई चित्र हमारे मन में बनें। इस कविता के अंतिम हिस्से में चाँद को एकदम गोल बताने के लिए कवि ने बि ल कु ल शब्द के अक्षरों को अलग-अलग करके लिखा है। तुम इस कविता के और किन शब्दों को चित्र की आकृति देना चाहोगे? ऐसे शब्दों को अपने ढंग से लिखकर दिखाओ।

Answer. चाँ-द, गो-ल-म-टो-ल, ति-र-छे।

aglasem.com

Page : 25 , Block Name : कविता से

Q4 कुछ लोग बड़ी जल्दी चिढ़ जाते हैं। यदि चाँद का स्वभाव भी आसानी से चिढ़ जाने का हो तो वह किन बातों से सबसे ज्यादा चिढ़ेगा? चिढ़कर वह उन बातों का क्या जवाब देगा? अपनी कल्पना से चाँद की ओर से दिए गए जवाब लिखो।

Answer. अगर चांद आसानी से चिढ़ने वाला होता तो वो इस बात से चिढ़ता की लोग उसे छोटा बड़ा होने से क्यों अच्छा बुरा कहते हैं। लोगो को पता नही है कि मैं वैसा ही रहता हूँ यह बस उनके ज्ञान की कमी है, जिससे उन्हें लगता है कि मैं घटता बढ़ता हूँ या टेढ़ा मेढा हुँ। लोगो को अपने बच्चों को सही सीख देनी चाहिए।

Page : 25 , Block Name : अनुमान और कल्पना

Q5 यदि कोई सूरज से गप्पें लगाए तो वह क्या लिखेगा? अपनी कल्पना से गद्य या पद्य में लिखो। इसी तरह की कुछ और गप्पें निम्नलिखित में से किसी एक या दो से करके लिखो-

पेड़ बिजली का खंभा सड़क पेट्रोल पंप

Answer. (क) सूरज से गप्पें-

क्यों सूरज! इतने क्यों गरम हो रहे हो आज कल, किसी से लड़ाई हो गयी है क्या? तुम्हारी इस गर्मी की वजह से कितनी परेशानी हो रही है मुझे, क्या तुम्हें मालूम नही? ज़रा कम करो भाई इसे।

(ख) पेड़ से गप्पें-इतने लंबे हो गए हो कि तुम्हारे छाँव में भी नही बैठ सकता, कुछ करो इसका, वरना मैं बात नही करूँगा तुमसे।

(ग) सड़क-

अरे सड़क!

तुम तुम इतने लंबे क्यों हो क्यों हो, तुम चल चलकर मेरे पैर दुख जाते हैं।

Page : 25 , Block Name : अनुमान और कल्पना

Q6 चाँद संज्ञा है। चाँदनी रात में चाँदनी विशेषण है।

नीचे दिए गए विशेषणों को ध्यान से देखो और बताओ कि-

(क) कौन-सा प्रत्यय जुड़ने पर विशेषण बन रहे हैं।

(ख) इन विशेषणों के लिए एक-एक उपयुक्त संज्ञा भी लिखो-

<u>गुलाबी</u> पगड़ी

<u>मखमली</u> घास

<u>कीमती</u> गहने

aglasem.com

ठंडी रात

जंगली फुल

कश्मीरी भाषा

Answer. ये सभी विशेषण 'ई' प्रत्यय जुड़ने से बने हैं। गुलाबी पगड़ी, मखमली घास, कीमती गहने, ठंडी खीर, जंगली जानवर, कश्मीरी सेव।

Page : 25 , Block Name : भाषा की बात

Q7 गोल-मटोल,

गोरा – चिट्टा

कविता में आए शब्दों के इन जोड़ों में अंतर यह है कि चिट्टा का अर्थ सफ़ेद है और गोरा से मिलता-जुलता है, जबकि मटोल अपने-आप में कोई शब्द नहीं है। यह शब्द 'मोटा' से बना है। ऐसे चार-चार शब्द-युग्म सोचकर लिखो और उनका वाक्यों में प्रयोग करो।

(i) सर्दी-वर्दी

(ii) रोटी-सोटी

(iii) गोल-वोल

(iv) तारों-वारों

Answer. (i) सर्दी-वर्दी= रात में ठंडा पानी पिओगे तो सर्दी वर्दी हो जाएगी।

(ii) रोटी-सोटी= रोटी सोटी खाने के बाद खेलने जायेंगे।

(iii) गोल-वोल= मुझसे फुटबॉल में गोल वोल नही होता।

(iv) तारों-वारों= मेरे चाचा तारों वारों की कहानियां सुनाते हैं।

Page : 26 , Block Name : भाषा की बात

Q8 'बिलकुल गोल'–कविता में इसके दो अर्थ हैं-

(क) गोल-आकार का,

(ख) गायब होना!

ऐसे तीन और शब्द सोचकर, उनसे ऐसे वाक्य बनाओ जिनके दो-दो अर्थ निकलते हों।

Answer. 1.आम-(फल) मुझे आम स्वादिष्ट लगते हैं।

(साधारण) यह आम रास्ता है।

aglasem.com

2. कनक-(धतूरा) कनक खा के लोग बौरा जाते हैं।

(सोना) कनक पा कर लो खुश ही जाते हैं।

3. शाख-(इज़्ज़त) मेरी शाख बनी रहे बस भगवान से यही दुआ है।

(टहनी) उस शाख पर फूल लगें हैं।

Page : 26 , Block Name : भाषा की बात

Q9 ताकि, जबकि, चूँकि, हालाँकि-कविता की जिन पंक्तियों में ये शब्द आए हैं, उन्हें ध्यान से पढ़ो। ये शब्द दो वाक्यों को जोड़ने का काम करते हैं। इन शब्दों का प्रयोग करते हुए दो-दो वाक्य बनाओ।

Answer. (क) ताकि – (i) मैं बहुत तेज भागा ताकि ट्रेन पकड़ सकूं।

(ii) शीला कल जल्दी जागो ताकि सुबह स्कूल जा सको।

(ख) जबकि – (i) अम्मा दिया जलाने मन्दिर गयीं जबकि बारिश हो रही थी।

(ii) राजा ने राजकुमार को बहुत पीटा जबकि गलती राजकुमारी की थी।

(ग) चूँकि – (i) चूंकि वह अमीर है इसलिए गाडी़ से जाता है।

(ii) चूँकि गलती रामू की थी इसलिए उसने माफी मांगी।

(घ) हालाँकि – (i) हालाँकि हम नैनीताल नहीं गये लेकिन सुना है वहाँ मौसम काफी सुहावना रहता है।

(ii) हालाँकि तुमने कुछ गलत नहीं कहा लेकिन बोलने का तरीका सही नहीं था।

Page : 26 , Block Name : भाषा की बात

Q10 गप्प, गप-शप, गप्पबाजी-क्या इन शब्दों के अर्थों में अंतर है? तुम्हें क्या लगता है? लिखो।

Answer. गप्प - बिना बात के बात करना।

गप-शप - दुनिया बाहर की बातों पर बात करना।

aglasem.com

गप्पबाज़ी - कुछ सही कुछ गलत बात करना, क्योंकि बस बात करनी है इसलिए।

Page : 26 , Block Name : भाषा की बात

Q11 क्या तुम जानते हो दुनियाभर में कई प्रकार के कैलेंडरों का इस्तेमाल होता है। नीचे दो प्रकार के कैलेंडर दिए गए हैं। इन्हें देखो और प्रश्नों के उत्तर दो।

संवत् 2076   सन् 2019

(क) इन कैलेंडरों में से कौन-सा कैलेंडर चंद्रमा के अनुसार है?

(ख) क्या तुम्हारे आसपास इन दोनों कैलेंडरों का इस्तेमाल होता है? यदि होता है तो किन-किन मौकों पर?

(ग) कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष का क्या अर्थ होता है?

Answer. (क) संवत् 2076 वाला कैलेंडर चंद्रमा के अनुसार होता है।

(ख) दो प्रकार के कैलेंडर है एक भारतीय और एक पाश्चात्य। इन दोनो प्रकारों के कैलेंडरों का प्रयोग अपने- अपने ज़रूरत के हिसाब से होता है; जैसे- सम्वत् (हिन्दी) कैलेंडर का प्रयोग त्योहारों, पूजा-पाठ के दिन या शादी के लिए किया जाता है। तथा अंग्रेज़ी कैलेंडर का प्रयोग तारीख देखने के लिए होता है।

(ग) कृष्ण पक्ष की रातें अंधेरी होती हैं, शुक्ल पक्ष की रातें चंद्रमा की रोशनी से रौशन होती है।

Page : 27 , Block Name : कुछ करने को

aglasem.com